DAINIK JAGRAN (25.08.2016)

वाइएमसीए में नए अविष्कार करने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

Publish Date:Wed, 24 Aug 2016 06:29 PM (IST) | Updated Date:Wed, 24 Aug 2016 06:29 PM (IST)

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : नए आविष्कार एवं रचनात्मक कार्य करने वाले अपने विद्यार्थियों को वाइएमसीए

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : नए आविष्कार एवं रचनात्मक कार्य करने वाले अपने विद्यार्थियों को वाइएमसीए यूनिवर्सिटी पुरस्कृत करेगी। इसके लिए 'डेनफोस इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड-2016' की शुरुआत की गई है। इस पुरस्कार के तहत विद्यार्थियों को उनकी नवीन परियोजनाओं के लिए 6.25 लाख रुपये के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

अवार्ड का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने औद्योगिक सहभागिता से उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे औद्योगिक समझौतों के लिए निरंतर प्रयत्नशील है, जिससे विद्यार्थियों को लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय भविष्य में ऐसे समझौतों के विस्तार की दिशा में भी कार्य करेगा। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर, मेकेनिकल इंजीनिय रग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एम एल अग्रवाल, टे नग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विक्रम 'सह तथा डेनफोस कंपनी के अधिकारी किरण कुमार, रवि कुमार एवं हरिशा शेट्टी भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में औद्योगिक-अकादमिक संवाद मामलों के प्रभारी डॉ. अर वद गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय में इंजीनिय रग की सभी शाखाओं मैकेनिकल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीटेक एवं एमटेक के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी पुरस्कारों में हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों के लिए अंडर-ग्रेजुएट व पोस्ट-ग्रेजुएट दो वर्ग रखे गए हैं। दोनों ही वर्गों में तीन-तीन पुरस्कार रहेंगे। अंडर-ग्रेजुएट वर्ग में पहला पुरस्कार 1.5 लाख रुपये, दूसरा 75 हजार रुपये तथा तीसरा 50 हजार रुपये का रहेगा। इसी प्रकार, पोस्ट-ग्रेजुएट वर्ग में पहला पुरस्कार दो लाख रुपये, दूसरा एक लाख रुपये तथा तीसरा 50 हजार रुपये का रहेगा।

DAINIK BHASKAR (25.08.2016)

छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मिलेगा कैश पुरस्कार

फरीदाबाद| वाईएमसीए साइंस व टेक्नालॉजी के छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कैश पुरस्कार दिया जाएगा। वाइस चांसलर प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बुधवार को 'डेनफोस इनोवेटर प्रोजेक्ट अवार्ड-2016' का शुभारंभ किया। इस अवार्ड के तहत छात्रों को उनकी नवीनतम परियोजनाओं के लिए 6.25 लाख रुपए के कैश पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड डेनफोस इंडिया द्वारा प्रायोजित है। वाइस चांसलर प्रो. कुमार ने कहा कि साइंस एवं टेक्नालॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी भविष्य में ऐसे समझौतों के विस्तार की दिशा में भी कार्य करेगी।

संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल अग्रवाल, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह व डेनफोस कंपनी के अधिकारी किरण कुमार, रवि कुमार एवं हरिशा शेट्टी भी उपस्थित थे। यूनिवर्सिटी में औद्योगिक-अकादमिक संवाद मामलों के प्रभारी डॉ. अरविंद गुप्ता ने पुरस्कारों के संबंध में बताया कि यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं मैकेनिकल, कंप्यूटर्स, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स के बी टेक एवं एम टेक के अंतिम वर्ष के छात्र पुरस्कारों में हिस्सा ले सकते हैं।

AMAR UJALA (25.08.2016)

रचनात्मक कार्य को बढ़ावा देने के लिए ₹6.25 लाख का पुरस्कार

बल्लभगढ़ (ब्यूरो)। वाईएमसीए विश्वविद्यालय रचनात्मक एवं नए आविष्कार करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करेगी। इसके तहत छात्र छात्राओं को उनकी नवीन परियोजना के लिए 6.25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

डेनफोस इनोवेटर अवार्ड 2016 की शुरूआत भी कर दी गई है। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे औद्योगिक समझौतों के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जिससे छात्र छात्राओं को लाभ मिल सके। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं

- वाईएमसीए विश्वविद्यालय नए आविष्कार करने वाले छात्र-छात्राओं को करेगा सम्मानित

उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय भविष्य में ऐसे समझौतों के विस्तार की दिशा में कार्य करेगा। औद्योगिक अकादमिक संवाद मामलों के प्रभारी डॉ अरोवद गुप्ता ने बताया कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं एमटेक के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राएं पुरस्कार में हिस्सा ले सकती है। पुरस्कारों के लिए अंडर ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट दो वर्ग रखे गए है। दोनों ही वर्ग में तीन-तीन पुरस्कार रहेंगे। अंडर ग्रेजुएट वर्ग में पहला पुरस्कार 1.5 लाख रुपये, दूसरा 75 हजार रुपये तथा तीसरा 50 हजार रुपये का रहेगा। इसी प्रकार पोस्ट ग्रेजुएट वर्ग में पहला पुरस्कार दो लाख रुपये, दूसरा एक लाख रुपये तथा तीसरा 50 हजार रुपये का रहेगा। इस मौके पर संस्थान के प्रोफेसर संदीप ग्रोवर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ एलएल अग्रवाल, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ विक्रम सिंह, डेनफोस कंपनी के अधिकारी किरण कुमार, रवि कुमार, हरिशा शेट्टी मौजूद रहे।